# डिएगो गार्सिया और चागोस द्वीप समूह

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने **डिएगो गार्सिया** में छह B-2 स्टील्थ बमवर्षक विमान तैनात किये हैं।

- **हिंद महासागर** में स्थित डिएगो गार्सिया **इस क्षेत्र में एकमात्र प्रमुख अमेरिकी बेस** है, जो एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व में **सामरिक शक्ति प्रक्षेपण** को सक्षम बनाता है।

## चागोस द्वीपसमूह और डिएगो गार्सिया

- **चागोस द्वीपसमूह:**
  - **स्थान:** यह [हिंद महासागर]() में **मालदीव** से **500 किमी. दक्षिण में स्थित है** और इसमें **58 द्वीप** हैं।
  - **इतिहास: 18वीं** शताब्दी के अंत में **फ्राँसीसी** लोगों द्वारा **अफ्रीकी और भारतीय श्रमिकों** को **दास बनाकर नारियल के बागानों** में काम करने के लिये यहाँ लाया गया जिससे यह आवासित हुआ।
    - **वर्ष 1814** की पेरिस संधि के तहत, फ्राँस ने **मॉरीशस** सहित **चागोस द्वीपसमूह** को **ब्रिटेन** को सौंप दिया, जिससे इस क्षेत्र पर **ब्रिटिश नियंत्रण** की शुरुआत हुई।
    - **वर्ष 1965** में, ब्रिटेन ने **मॉरीशस** से **चागोस द्वीप समूह** को अलग कर **ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र (BIOT)** का निर्माण किया, जिसके बदले में मॉरीशस को 3 मिलियन पाउंड का अनुदान दिया गया।
      - **क्रियोल-भाषी चागोसियन** संबद्ध क्षेत्र के **मूल निवासी** थे, जिन्हें **डिएगो गार्सिया** पर **अमेरिकी सैन्य अड्डा** स्थापित करने के लिये **1960-70 के दशक** में जबरन विस्थापित कर दिया गया था।
    - वर्ष 1968 में मॉरीशस के स्वतंत्र होने के बावजूद, **चागोस द्वीपसमूह** पर **ब्रिटिश का नियंत्रण** रहा।
- **डिएगो गार्सिया:**
  - यह **कोरल एटोल** और **चागोस द्वीपसमूह** का सबसे बड़ा द्वीप है, जो **भूमध्य रेखा से 7 डिग्री दक्षिण में स्थित है**। इसे **वर्ष 1967** में **अमेरिका और ब्रिटेन** को पट्टे पर दिया गया था और **वर्ष 1986** में इसे एक सैन्य अड्डा बना दिया गया।
  - वर्ष 2024 में, **ब्रिटेन** ने **चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को हस्तांतरित करने पर सहमति व्यक्त की,** जबकि **डिएगो गार्सिया पर सैन्य अड्डे का नियंत्रण 99 वर्ष के पट्टे** के तहत बरकरार रखा।
    - यह निर्णय वर्ष 2019 में **अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ)** द्वारा **मॉरीशस के संप्रभुता** दावों का समर्थन करने वाले निर्णय के बाद लिया गया।
  - **खाड़ी युद्ध, इराक और अफगानिस्तान युद्धों** तथा **9/11** के बाद के अभियानों में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है- जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सामरिक महत्त्व उजागर होता है।




**और पढ़ें:** [चागोस द्वीपसमूह और डिएगो गार्सिया द्वीप]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/diego-garcia-chagos-islands